## संपादकीय

# धुआं-धुआं ज़िंदगी

सुप्रीम कोर्ट की सख्त हिदायतों, दिल्ली सरकार के कड़े प्रतिबंध तथा वक्त की नजाकत को नजरअंदाज करते हुए दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में लोगों ने जिस तरह घातक आतिशबाजी की है, उसने लाखों लोगों की जिंदगी को मुश्किल में डाल दिया है। ऐसे वक्त में जब ठंड बढ़ने और हवा के कम प्रवाह के कारण घातक प्रदूषण के कण हमारे आसपास ही रह जाते हैं, ऐसी आतिशबाजी बेहद घातक साबित होती है। निस्संदेह, यह स्थिति हमारे गैर-जिम्मेदार नागरिक होने को ही दर्शाती है। यह जानते हुए कि दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानियों में शुमार है और देश में सबसे अधिक प्रदूषित शहर है, क्षणिक सुख के लिए घातक पटाखे जलाना कैसे तर्कसंगत कहा जायेगा। कहा जा रहा है कि दिल्ली में बीता अक्तूबर प्रदूषण के लिहाज से पिछले पांच सालों में बेहतर स्थिति में था। लेकिन एक दिन के जश्न के टशन ने दिल्ली की आबोहवा को गंभीर श्रेणी के प्रदूषण में धकेल दिया। ऐसे में सहज कल्पना की जा सकती है कि श्वसनतंत्र के रोगों से जूझ रहे लोगों को किस कष्टदायक स्थिति का सामना करना पड़ा होगा। वह तब जब हम जानते हैं कि देश कोरोना महामारी की दो लहरों से बुरी तरह जूझा है और तीसरी का खतरा बना हुआ है, हमने कोरोना से बचाव के नियमों को ताक पर रखकर आतिशबाजी की। यह जानते हुए कि कोरोना का संक्रमण हमारे फेफड़ों पर ही घातक असर करता है। जाहिर है प्रदूषण से त्रस्त लोगों पर इसका असर मारक हो सकता है। लेकिन हम क्षणिक सुख के लिये ऐसी तमाम अपीलों, कोर्ट के आदेश व नियम-कानूनों को ताक पर रख देते हैं। अब केंद्र सरकार द्वारा संचालित वायु गुणवत्ता और मौसम पूर्वानुमान व अनुसंधान प्रणाली 'सफर' का कहना है कि सात नवंबर तक हवा की गुणवत्ता में सुधार के संकेत नहीं हैं। जिसकी मूल वजह लोगों द्वारा धड़ल्ले से पटाखे जलाने और उसके बाद धुएं से आसमान ढक जाना ही है, जिसके चलते राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर श्रेणी में पहुंच गया।

पटाखों के कारण दिल्ली की स्थिति का यह आलम है कि सामान्य लोगों ने भी गले में खराश और आंखों में पानी आने की शिकायत की है। दरअसल, कम तापमान और हवा की मंद गति रहने के कारण रात नौ बजे के करीब वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई देर रात गंभीर श्रेणी में पहुंच गया। विडंबना देखिये कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आने वाले चौदह जिलों में हरियाणा सरकार ने पटाखों की बिक्री व उपयोग पर प्रतिबंध लगा रखा था, लेकिन इसके बावजूद फरीदाबाद व गुरुग्राम आदि में जमकर घातक पटाखों का प्रयोग किया गया। प्रतिकूल मौसम, पराली जलाने व पटाखों के फोड़े जाने से स्थिति और जटिल हो गई। लोग जब शुक्रवार को उठे तो राजधानी में कोहरे जैसी स्थिति प्रदूषण के कारण पैदा हो गई। इससे इंदिरा गांधी हवाई अड्डे में कम दृश्यता की स्थिति देखी गई। यहां तक कि दिल्ली के कई इलाकों में लोगों को दिन में अपने वाहनों को चलाने के लिये लाइट का प्रयोग करना पड़ा।

# सरसों कच्ची घानी तेल 25 रुपये हुआ सस्ता, सोयाबीन रिफाइंड और सूरजमुखी तेल में भी गिरावट



**नई दिल्ली।** विदेशों में सोयाबीन डीगम का भाव टूटने तथा पामोलीन के महंगा होने से दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह सोयाबीन तेल, सीपीओ और पामोलीन तेल, बिनौला तेल सहित सरसों और मूंगफली तेल-तिलहन के भाव गिरावट के साथ बंद हुए। सूत्रों ने बताया कि बीते सप्ताह सरसों दाने का भाव 10 रुपये घटकर 8,970-8,995 रुपये प्रति क्विंटल रह गया, जो पिछले सप्ताहांत 8,975-9,005 रुपये प्रति क्विंटल था।

**सरसों दादरी तेल का भाव 150 रुपये टूटा-** सरसों दादरी तेल का भाव पिछले सप्ताहांत के मुकाबले 150 रुपये टूटकर समीक्षाधीन सप्ताहांत में 17,800 रुपये क्विंटल रह गया। वहीं, सरसों पक्की घानी और कच्ची घानी तेल की कीमतें 25-25 रुपये घटकर क्रमशः 2,685-2,725 रुपये और 2,760-2,870 रुपये प्रति टिन रह गई। गिरावट के आम रुख के विपरीत, सोयाबीन के तेल रहित खल (डीओसी) की स्थानीय मांग के बीच समीक्षाधीन सप्ताहांत में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के भाव 75-75 रुपये सुधरकर क्रमशः 5,475-5,575 रुपये और 5,275-5,375 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए।

**सोयाबीन डीगम 400 रुपये टूटा-** दूसरी ओर समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के भाव क्रमशः 300 रुपये, 350 रुपये और 400 रुपये का नुकसान दर्शाते क्रमशः 13,650 रुपये, 13,400 रुपये और 12,000 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताहांत में बिनौला तेल और मूंगफली की नई फसल की आवक शुरू होने के बाद मंडियों में भाव टूटने से मूंगफली का भाव समीक्षाधीन सप्ताहांत में 50 रुपये टूटकर 6,050-6,135 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। मूंगफली गुजरात का भाव 50 रुपये की हानि के साथ 13,750 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। जबकि, मूंगफली सॉल्वेंट रिफाइंड का भाव 10 रुपये की गिरावट के साथ 2,005-2,130 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ।

**कच्चे पाम तेल (सीपीओ) के भाव में 230 रुपये की गिरावट-** जाड़े की कमजोर मांग और पामोलीन के महंगा होने से समीक्षाधीन सप्ताहांत में कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का भाव 230 रुपये की गिरावट के साथ 11,200 रुपये क्विंटल रह गया। जबकि पामोलीन दिल्ली तथा तथा पामोलीन कांडला तेल के भाव क्रमशः 180 रुपये और 200 रुपये की हानि दर्शाते क्रमशः 12,800 रुपये और 11,650 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताहांत में बिनौला तेल का भाव 300 रुपये की गिरावट के साथ 12,500 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि विदेशों में सूरजमुखी की अच्छी फसल होने की खबर से सोयाबीन के भाव टूट रहे हैं। इस वजह से सोयाबीन डीगम का आयात भाव 1,480 डॉलर से घटकर 1,420 डॉलर प्रति टन रह गया है। सोयाबीन डीगम का भाव टूटने का असर सोयाबीन के बाकी तेलों पर भी हुआ और इनके भाव समीक्षाधीन सप्ताह में नरमी के साथ बंद हुए।

## भारत ने चीन, जर्मनी को पीछे छोड़ा, जन धन खातों से घटे अपराध : एसबीआई रिपोर्ट



**नई दिल्ली ।** जन धन योजना, डिजिटल इंफ्रा स्ट्रक्चर और गांव-गांव खुले बीसी के कारण भारत ने चीन, जर्मनी और साउथ अफ्रीका को पीछे छोड़ दिया है। भारत अब प्रति 100,000 वयस्कों पर बैंक शाखाओं की उपलब्धता के मामले में चीन से काफी आगे निकल गया है। भारत में अब प्रति 100,000 वयस्कों पर बैंक शाखाओं की संख्या बढ़कर 14.7 हो गई, जो 2015 में 13.6 थी। एसबीआई की रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है।

**क्या है बीसी-** एसबीआई के समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष द्वारा लिखी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्तीय समावेशन नीतियों का आर्थिक विकास, गरीबी और आय असमानता को कम करने के साथ-साथ वित्तीय स्थिरता पर कई गुना प्रभाव पड़ता है। बता दें बैंक मित्र यानी बैंकिंग कॉरस्पॉन्डेंट वे लोग होते हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री जन-धन योजना के अंतर्गत बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध करवाने का ज़िम्मा दिया गया है। ख़ासतौर पर ये लोग उन जगहों पर कार्य करते हैं, जिन जगहों पर न तो किसी बैंक की शाखा है और न ही कोई एटीएम। ऐसे में ये लोग आम ज़रूरतमंदों तक पहुंचकर प्रधानमंत्री योजना से संबंधित जानकारी से लेकर आपको धन राशि पहुंचाने तक का काम करते हैं।

## टाटा को हैंडओवर होने से पहले एयर इंडिया कर्मचारियों के भुगतान की उम्मीद : आईपीजी

**मुंबई।** एयर इंडिया के पायलट यूनियनों में से एक- इंडियन पायलट गिल्ड (आईपीजी) ने उम्मीद जताई है कि निवर्तमान प्रबंधन यह सुनिश्चित करेगा कि विमानन कंपनी के नए मालिक टाटा संस के पास जाने से पहले कर्मचारियों के बकाया निपटान की प्रक्रिया को सही ढंग से पूरा कर लिया जाएगा। एयर इंडिया के सीएमडी को लिखे एक पत्र में गिल्ड ने कहा कि वह विमानन कंपनी के नए मालिकों के साथ एक नई शुरुआत करने को लेकर आशावादी हैं। पत्र में साथ ही मौजूदा प्रबंधन से कर्मचारियों का शोषण नहीं करने का आग्रह किया गया। गिल्ड ने कहा कि शोषण की स्थिति में बड़े पैमाने पर विरोध और औद्योगिक अशांति के हालात बन सकते हैं।

## जिंस कीमतों के आधार पर भविष्य में अपनी कारों के दाम तय करेगी मारुति

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की जिंस कीमतों पर नजर है और इन्हीं के आधार पर वह भविष्य में अपने वाहनों के दाम तय करेगी। दूसरी तिमाही में जिंसों के दाम काफी ऊंचे हो चुके हैं और कंपनी ने इस वृद्धि का पूरा बोझ अभी उपभोक्ताओं पर नहीं डाला है।

मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (विपणन एवं बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने कहा, दूसरी तिमाही में शुद्ध बिक्री अनुपात में हमारी सामग्री की लागत 80.5 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई है। यह काफी ऊंचा स्तर है। कंपनी को उम्मीद है कि आगे जिंस कीमतों में कमी आएगी। कई जिंसों के दाम अपने अधिकतम स्तर पर है, इसलिए उनको नीचे आना चाहिए। मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) के लिए सामग्री की लागत काफी महत्वपूर्ण होती है। ओईएम की कुल लागत में सामान्य तौर पर सामग्री का हिस्सा 70 से 75 प्रतिशत होता है। यह पूछे जाने पर कि क्या कंपनी अपने वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी करेगी, विशेषरूप से नए साल के अवसर पर, श्रीवास्तव ने कहा, हम बड़ी सावधानी से इसकी निगरानी कर रहे हैं। हमने पूर्व में हुई बढ़ोतरी का बोझ भी उपभोक्ताओं पर नहीं डाला है।

उन्होंने कहा कि कंपनी ने सितंबर की शुरुआत में अपने वाहनों के दाम 1.9 प्रतिशत बढ़ाए हैं।

## दिल्ली स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप में 44 टीमों ने ली भागीदारी



**नई दिल्ली।** दिल्ली स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप जूनियर एवं सब जूनियर (बालक एवं बालिका वर्ग) का आयोजन गांव जगतपुर के खेल मैदान पर शुरू हुआ जिसमें दिल्ली के 11 जिलों की कुल 44 टीमें जूनियर बालक एवं सब जूनियर बालक/जूनियर बालिका एवं सब जूनियर बालिका वर्गों में हिस्सा ले रही हैं। दिल्ली राज्य कबड्डी संघ के महासचिव सुरेंद्र सिंह के अनुसार प्रतियोगिता का उद्घाटन बाबा दीन बंधू दास जी महाराज ने दीप जला कर किया। इस मौके पर ओलंपिक रजत पदक विजेता पहलवान रवि दहिया, दिल्ली राज्य कबड्डी संघ के पदाधिकारी जिले सिंह (अध्यक्ष), निरंजन सिंह (उपाध्यक्ष), नरेंद्र डबास (कोषाध्यक्ष), पूजा शर्मा (संयुक्त सचिव) और इस जिले के सचिव अनुज कुमार तथा सुरेंद्र सिंह डेढ़ा और संघ के अन्य पदाधिकारी व जिले के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में दिल्ली के 11 जिलों की जूनियर बालक एवं सब जूनियर बालक/जूनियर बालिका एवं सब जूनियर बालिका की कुल 44 टीमें भाग ले रही हैं। आज खेले हुए मैचों में बालक वर्ग में अलीपुर जिला उत्तर ने चंद्रावल जिला सेंट्रल को 45-35 से हराया। जूनियर बालिका वर्ग में सरिता विहार जिला दक्षिण पूर्व ने भजनपुरा जिला उत्तर पूर्व को 51-40 अंकों से हराया। सब जूनियर बालक वर्ग में दिलशाद गार्डन जिला शाहदरा ने द्वारका जिला दक्षिण पश्चिम को 41-25 से हराया, जबकि सब जूनियर बालिका वर्ग में द्वारका जिला दक्षिण पश्चिम ने रोहिणी जिला उत्तर पश्चिम को 42-14 अंकों से पराजित किया।

## आज का राशिफल

*मेष:* आज का दिन मिश्र फलदायी है। रहस्यमयी बातों में आज आपको रुचि रहेगी तथा गूढ़ विद्याओं की ओर आकर्षण अधिक रहेगा।

*वृष:* आज का दिन शुभफलदायी है। आप शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। मानसिक प्रसन्नता का अनुभव होगा।

*मिथुन:* आज आपका दिन बहुत अच्छा बीतेगा। घर में शांति और आनंद का वातावरण रहेगा। सुखमय प्रसंग बनेंगे। खर्च होगा, लेकिन वह निरर्थक नहीं होगा।

*कर्क:* आज का दिन आपके लिए थोड़ी सावधानी रखने का है। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। किसी भी नए कार्य के प्रारंभ के लिए यह दिन उचित नहीं है।

*सिंह:* आपका दिन शुभ फलदायी नहीं है। घर में वाद-संवाद का वातावरण रहेगा। परिजनों के साथ ऐसी घटना हो सकती है, जिससे आपके दिल को तकलीफ हो।

*कन्या:* आज आपको किसी भी कार्य में बिना सोचे-समझे हिस्सा लें। साथियों के साथ अच्छी तरह से समय बीतेगा। भावनात्मक सम्बंधों से आप नरम हो जाएंगे।

*तुला:* आज आपका मन दुविधाओं में उलझा रहेगा। निर्णय न ले पाने के परिणाम स्वरूप नए कार्यों का प्रारंभ करना आपके लिए हितकर नहीं है।

*वृश्चिक:* आज का दिन साधारणतयः ही बीतेगा। तन और मन की प्रसन्नता रहेगी तथा सुख एवं आनंद की प्राप्ति होगी। परिजनों के साथ आनंद-उल्लास में समय व्यतीत होगा।

*धनु:* आज का दिन कुछ कष्टदायक होगा। परिजनों के साथ मनमुटाव के प्रसंग उपस्थित होंगे। वाणी एवं बर्ताव में संयम रखिएगा। दुर्घटना से संभलिएगा।

*मकर:* सामाजिक कार्यों से आपको लाभ होगा, क्योंकि विविध क्षेत्रों से लाभ होने के आज के योग हैं।

*कुंभ:* आज आपका दिन सानुकूल है। आपका हर कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होगा, जिस वजह से आप प्रसन्न रहेंगे।

*मीन:* मन में व्याकुलता एवं अशांति के अहसास के साथ आपके दिन का प्रारंभ होगा। शारीरिक रूप से आपको थकान का अनुभव होगा।

## अर्जुन कपूर अभिनीत अजय बहल की फिल्म द लेडी किलर में दिखेंगी भूमि पेडनेकर



बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर के खाते में इस वक्त कई बड़ी फिल्में हैं। वह उन चंद अभिनताओं में शामिल हैं, जिनका शेड्यूल काफी अस्त-व्यस्त होता है। हाल में वह फिल्ममेकर अजय बहल की फिल्म द लेडी किलर से जुड़े हैं। अर्जुन ने खुद इस फिल्म का ऐलान किया था। अब जानकारी सामने आ रही है कि इस फिल्म में भूमि पेडनेकर भी शामिल हो गई हैं। वह फीमेल लीड किरदार निभाएंगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, अर्जुन अभिनीत बहल की फिल्म द लेडी किलर में अभिनेत्री भूमि नजर आ सकती हैं। एक सूत्र ने कहा, मेकर्स भूमि को फिल्म में शामिल करने के लिए बेहद उत्सुक थे और अभिनेत्री को भी स्क्रिप्ट पसंद आई है। फिलहाल कागजी कार्रवाई और अन्य औपचारिकताएं चल रही हैं। इसी बीच बहल ने फिल्म के प्री-प्रोडक्शन पर काम शुरू कर दिया है। फिल्म के निर्देशन की कमान बहल ही संभाल रहे हैं।

सूत्र ने आगे बताया कि फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने की उम्मीद है। बहल ने इससे पहले बीए पास और सेक्शन 375 जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है। यह पहली बार होगा जब अर्जुन और भूमि एक साथ बड़े पर्दे पर नजर आएंगे।

## जाह्नवी कर रही मलयालम फिल्म 'हेलेन' के रीमेक की शूटिंग



बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर एक मलयालम फिल्म 'हेलेन' के रीमेक की शूटिंग कर रही हैं।जाह्नवी ने एक इंटरव्यू के फिल्म के शूटिंग शारीरिक और मानसिक रूप से थकाने वाला बताया है।इसमें उन्होंने अपनी अपकमिंग प्रोजेक्ट्स के बारे में भी खुलासा किया है।जाह्नवी कपूर ने एक इंटरव्यू में कहा, मुझे लगता है कि मैं बहुत मेहनती और निष्कपट एक्ट्रेस हूं।

अगर और कुछ नहीं तो मैं ईमानदार एक्ट्रेस बनने की कोशिश करती हूं।कभी-कभी मुझे ऐसा लगता है, अगर मैं एक शेड्यूल के बाद पूरी तरह से थकी हुई, बेहाल और टूटी हुई महसूस नहीं कर रही हूं तो शायद मैंने उस शेड्यूल में अपना सौ प्रतिशत नहीं दिया।और मुझे लगता है कि मैं उस फिल्म से सीखती हूं जो मैं करती हूं।जाह्नवी कपूर ने आगे कहा,हमारा एक शेड्यूल था, जिसने मुझे शारीरिक और मानसिक रूप से तोड़ दिया।और अभी मैं जिस शेड्यूल पर हूं, वह एक वेकेशन जैसा लगता है। जब जाह्नवी से इस प्रोजेक्ट के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मैं एक मलयालम फिल्म के रीमेक की शूटिंग कर रही हूं जिसका नाम 'हेलेन' है।और मुझे मथु सर ('हेलेन' के डायरेक्टर मथुकुट्टी जेवियर) के साथ काम करना पसंद है। जाह्नवी ने कहा कि मथुकुट्टी जेवियर ने उनके काम को आसान बना दिया है, जिससे उन्हें लगता है कि वह किसी भी तरह से परेशान नहीं हो रही हैं।

## बची हुई इडली से बनाएं शाम के लिए टेस्टी स्नैक्स- तड़का इडली



इडली बैटर अक्सर ज्यादा बनता है और इससे इडलियां भी बच जाती हैं। ऐसे में बची इडलियों से आप मसाला या तड़का इडली की रेसिपी को मिनटों में बना सकती हैं।

### सामग्री :

कुछ बची हुई इडलियां, 1/4 टीस्पून बड़ी सरसों, 1/4 टीस्पून उड़द दाल, 6-7 करी पत्ता, 2 बारीक कटी हरी मिर्च, 1 बारीक कटा प्याज, 1 बारीक कटा टमाटर, 1/4 टीस्पून हल्दी पाउडर, 1/4 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर, 1/2 टीस्पून गरम मसाला, नमक स्वादानुसार, 1/4 टीस्पून धनिया पाउडर, 2 टीस्पून बारीक कटा हरा धनिया, 1 टीस्पून तेल

### विधि :

- एक पैन में तेल गरम करें।
- इसमें बड़ी सरसों और उड़द दाल डालकर चटकाएं।
- अब इसमें करी पत्ता, हरी मिर्च और प्याज डालकर भूनें।
- इसमें टमाटर डालने के बाद हल्दी, लाल मिर्च पाउडर और गरम मसाला, धनिया पाउडर और नमक डालें।
- इडलियां छोटी आकार की हों तो साबुत डालें वरना इनके चार टुकड़े कर लें।
- अब पैन में इडली डालें। ऊपर से हरे धनिए से गार्निश कर सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 253

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 252 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी |
| ग्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी |

## सू-दोकू- 253

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.252 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |